## एक नजर

### 18 जगहों पर से उठाई 250 किलो कच्चे आटे की पूजन सामग्री

**अजमेर. कासं।** दशा माता के पूजन के मौके पर वार्ड 62 एवं आसपास के क्षेत्र भोपो का बाड़ा, घुघरा घाटी, बंदिया, पुलिस लाइन, लोहाखान, शास्त्री नगर, मीरशाह अली, इंदिरा कॉलोनी, दाता नगर के 18 जगहों से कच्चे आटे से बनी सामग्री को एकत्रित कर जमीन में गाड़ा गया। इसे खाने से गोवंश के बीमार होने का खतरा रहता है। पार्षद नरेंद्र तुनवाल ने बताया कि 2 साल पहले फूड प्वाइजनिंग से 1 नंदी और 1 गाय की तबियत बिगड़ गई थी, तब से हर साल कच्चे आटे की पूजन सामग्री फलो को गोवंश तक पहुंचने से रोका जाता है। सेवा कार्य में दीपक खोरवाल, पंकज भाटी, राहुल टॉक, विशाल भाटी, आलोक खंडेलवाल, लोकेश भाटी, पुनीत पवार, अमन सैनी, विकास घारू, लोकेश भाटी, दक्ष तूनवाल, अमन सिंह भाटी आदि लोग मौजूद थे।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री आज बीकानेर में

**बीकानेर. कासं।** राज्य के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को बीकानेर आ रहे हैं। राज्यपाल यहां महाराजा गंगा सिंह युनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे, वहीं मुख्यमंत्री राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी में आयोजित समारोह में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री की सभा एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी में होगी। ऐसे में जिले के विभिन्न गांवों और तहसीलों से लोग आएंगे। इसी कारण ट्रेफिक में बदलाव किया गया है। सभा में शामिल होने वाले वालों में श्रीडूंगरगढ़, नापासर व सेरूणा से आने वाले बाईपास चौराहे से बीछवाल बाईपास का प्रयोग करते हुए एवं नोखा, पांचू, देशनोक की तरफ से आने वाले भीनासर चुंगी से पहले जोधपुर बाईपास से जयपुर रोड़ बाईपास चौराहे से बीछवाल बाईपास का उपयोग करते हुए स्वामी केशवानन्द विश्वविद्यालय के गेट नम्बर 4 से आमसभा में शामिल होंगे।

### नवरात्रा में प्रज्वलित होंगे 5100 अखंड दीपक

**भीलवाड़ा. कासं।** इस साल 30 मार्च से शुरू ग्रीष्म नवरात्रा व नव संवत्सर पर्व धर्मनगरी भीलवाड़ा के भक्तों के लिए खास होगा। पहली बार नवरात्र महोत्सव में संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी महाराज की पहल पर हरिशेवा धाम में महामंडलेश्वर हंसाराम महाराज के सानिध्य में भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसके तहत नवरात्रा में 9 दिन तक 5100 अखंड दीपक जलाए जाएंगे। इन दीपक को प्रज्ज्वलित रखने में करीब 800 टीन तेल का उपयोग किया जायेगा। दीपक दर्शन के लिए 120 लंबी फिट गुफा में माता वैष्णो देवी का दरबार सजेगा। दीपक में भरने के लिए तेल के टीन हरिशेवा धाम पहुंच गए। हरी सेवा धाम उदासीन आश्रम के महामंडलेश्वर हंसराम ने बताया कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की कामना को लेकर भीलवाड़ा में 5100 अखंड दीपक नवरात्रि में 9 दिन तक लगाए जाएंगे। इस कामना से यह पहली बार भारत में हो रहा है कि 5100 दीपक अखंड जलाए जा रहे हैं।

**राजस्थान दिवस कार्यक्रम शृंखला:** बाड़मेर में राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन

# विकसित राजस्थान के संकल्प की सिद्धि में नारीशक्ति की अहम भूमिका

## नारी का सम्मान समाज और देश-प्रदेश के विकास की पहली सीढ़ी, राज्य सरकार के लिए महिला सशक्तीकरण सर्वोच्च प्राथमिकता: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा




**बाड़मेर/जयपुर. कंचन केसरी**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे देश और प्रदेश का इतिहास वीरता और त्याग से भरा हुआ है। कालीबाई भील, रानी पद्मिनी, मीराबाई, पन्नाधाय और अमृता देवी जैसी महान महिलाओं ने अपनी शक्ति, सामर्थ्य और दृढ़ संकल्प का परिचय देकर अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि परिवार की नींव को मजबूत करने वाली महिलाएं हमारे समाज की धुरी हैं। हमारी डबल इंजन की सरकार महिलाओं के उत्थान एवं कल्याण के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है और आधी आबादी को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रही है। शर्मा मंगलवार को बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में राजस्थान दिवस समारोह के तहत आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गौरवशाली सनातन संस्कृति को सम्मान देते हुए इस बार राजस्थान दिवस अंग्रेजी कलैण्डर के स्थान पर भारतीय पंचाग की तिथि नव संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (30 मार्च) को मनाया जा रहा है। इसी दिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों को मिलाते हुए राजस्थान की स्थापना की थी। इस वर्ष भी रेवती नक्षत्र इंद्रयोग का वही संयोग बन रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी को नारायणी का दर्जा प्राप्त है। नारी का सम्मान समाज और देश-प्रदेश के विकास की पहली सीढ़ी है, इसीलिए राजस्थान दिवस समारोह का पहला कार्यक्रम हमने मातृशक्ति को समर्पित किया है।

### मुख्यमंत्री ने आधी आबादी को दी बड़ी सौगातें

मुख्यमंत्री शर्मा ने महिला सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं की चयनित लाभार्थियों से संवाद किया और योजनान्तर्गत देय सहायता से लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध 15 ग्राम से 25 ग्राम देने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए। महिला समूहों को लगभग 100 करोड़ रुपये की आजीविका संवर्धन निधि का हस्तान्तरण और 5 हजार महिलाओं को इंडेक्शन कुक टॉप का वितरण किया गया। साथ ही, उन्होंने स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस के अंतर्गत 164 छात्राओं को चयन पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली के बीकानेर हाउस में राजीविका मेला शुरू किया गया है। शर्मा ने गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के अन्तर्गत 31 हजार 790 बालिकाओं को 13.16 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए राजकीय महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसी क्रम में हमने आज विभिन्न जिलों के 36 महिला महाविद्यालयों में ये सुविधा प्रारंभ की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बर्तन बैंक योजना और सोलर दीदी के दिशा-निर्देश भी जारी किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा साथिन बहनों के मानदेय में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी भी की है। वहीं अब लखपति दीदी की श्रेणी में आने वाली स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को ढाई प्रतिशत के बजाय डेढ़ प्रतिशत ब्याज दर पर एक लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा।

### प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण के लिए किए अभूतपूर्व निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र एवं राज्य की सरकारों ने महिला कल्याण के लिए अभूतपूर्व निर्णय किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान कर उनका सशक्तीकरण किया है। साथ ही, तीन तलाक के खिलाफ सख्त कानून बनाकर मुस्लिम बहनों का जीवन भी तबाह होने से बचाया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान संचालित कर, बैंक खाते खुलवाकर, उज्ज्वला सिलेंडर देकर तथा जल जीवन मिशन के जरिए गांव-गांव में नल से जल पहुंचाकर प्रधानमंत्री ने महिलाओं को बड़ी राहत दी है।

### 1 करोड़ 10 लाख परिवारों को 200 करोड़ की राशि का हस्तांतरण

शर्मा ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए हमने सरकार बनते ही सबसे पहले एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन किया। साथ ही, बालिकाओं को शिक्षा एवं संबल उपलब्ध कराने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना लागू की। अब इसके तहत गरीब परिवार की बालिकाओं के जन्म पर एक लाख के स्थान पर डेढ़ लाख रुपये का सेविंग बॉण्ड मिलेगा। आज कार्यक्रम में 30 हजार लाभार्थियों को 7.50 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जरूरतमंद महिलाओं को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा रही है। आज हमने 1 करोड़ 10 लाख परिवारों को 200 करोड़ की राशि का हस्तांतरण किया है।

# मुख्यमंत्री 28 मार्च को रहेंगे भीलवाड़ा जिले के दौरे पर

## समय रहते समस्त विभागीय अधिकारी आवश्यक तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करें: संभागीय आयुक्त



**भीलवाड़ा. कंचन केसरी**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का शुक्रवार, 28 मार्च को एक दिवसीय भीलवाड़ा दौरे का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा भीलवाड़ा में राज्य सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसी के मद्देनजर संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा ने मंगलवार को चित्रकूट धाम में कार्यक्रम स्थल व एमएलवी कॉलेज में बनाए जा रहे अस्थाई हेलीपैड स्थल का जायजा लिया और आवश्यक व्यवस्थाओं में तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मंच की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, लाभार्थी व आमजन के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग और यातायात व्यवस्था, सुरक्षा और पुलिस व्यवस्था, मीडिया कवरेज की व्यवस्था, कार्यक्रम के दौरान आवश्यक सुविधाएँ जैसे कि पानी, बिजली, और शौचालय की व्यवस्था, और आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था जिसमें एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड इत्यादि का जायजा लिया। कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के पश्चात संभागीय आयुक्त ने माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में बनाये जा रहे अस्थाई हेलीपैड स्थल का भी जायजा लिया। संभागीय शर्मा ने निरीक्षण से पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली एवं समस्त आवश्यक तैयारियां की समीक्षा कर समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर ओम प्रकाश मेहरा ने की जा रही तैयारियों व व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय रहते सुनिश्चित की जाएंगी इसके लिए समस्त विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। राज्य स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा के साथ ही उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद बैरवा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण भी शिरकत करेंगे।

# उदयपुर में सुरेश वाडकर के नगमे सुन भावुक हुए श्रोता


## सपने में मिलती है गाया तो झूमा यूथ; आज विक्रम भट्ट आएंगे



**उदयपुर. कासं।** प्रसिद्ध पार्श्वगायक गायक सुरेश वाडकर ने मंगलवार की रात को उदयपुर के भारतीय लोक कला मंडल में अपनी मखमली आवाज का जादू बिखेरा। सुरों का असर ये रहा कि पूरा सभागार अलग ही दुनिया में खो गया। उन्होंने अपने नए-पुराने दर्जनों गीत पेश किए। मौका था स्व. इंदिरा मुर्डिया के जन्मदिवस पखवाड़े के तहत 'इंदिरा स्वरांगन' कार्यक्रम का। इसकी पहली प्रस्तुति 'सत्यम शिवम सुंदरम' थी। वाडकर ने 'सीने में जलन, आंखों में तूफान सा क्यों है...' ने माहौल को जज्बाती कर दिया। 'सूरज न मिले छांव को...' सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। 'चप्पा चप्पा चरखा चले...' पर तो श्रोता झूम ही उठे।

**युवाओं ने भंगड़ा किया:** कई युवाओं ने भंगड़ा तो कुछ ने फ्री स्टाइल डांस किया। 'सपनों में मिलती है...', 'रात के ढाई बजे...' और 'लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है...' प्रस्तुति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। मंगलवार को कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसमें डॉ. अजय मुर्डिया, डॉ. नीतिज मुर्डिया, डॉ. क्षितिज मुर्डिया, डॉ. एच.एस. भुई, श्रद्धा मुर्डिया, आस्था मुर्डिया ने भाग लिया। यूएसएम मेंबर्स ने वक्रतुंड महाकाय गणपति वंदना की। नीतिज मुर्डिया ने स्वागत उद्बोधन दिया। इसी बीच सभी कलाकारों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# पुष्कर सरोवर पर मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञान्त स्नान आयोजिय किया गया



**पुष्कर. कंचन केसरी**

यज्ञान्त स्नान महोत्सव के तहत राम बैकुंठ नाथ मंदिर से भगवान बैकुंठ नाथ अपनी लक्ष्मी और श्रीदेवी के साथ जल क्रीड़ा करने के लिए भगवान की सवारी पुष्कर सरोवर पहुंचती है, जहां वंशी घाट पर दक्षिण भारतीय पंडितों के मंत्रोच्चारण के साथ भगवान बैकुंठ नाथ चल मूर्ति का विभिन्न द्रव्य से अभिषेक किया गया, इसके बाद मंत्र उच्चारण के साथ पवित्र पुष्कर सरोवर में भगवान बैकुंठ नाथ की चल मूर्ति को जल क्रीड़ा करवाई गई। मंदिर की मान्यता के अनुसार भगवान अपनी पत्नी श्रीदेवी एवं अन्य पत्नियों के साथ ब्रह्म सरोवर में जल क्रीड़ा करने का ब्रह्मोत्सव में परंपरा है, इसी मान्यता के चलते मंगलवार को यज्ञांत स्नान भगवान को कराया गया, इसके पूर्व में श्री बैकुंठ नाथ मंदिर में भगवान श्री बैकुंठ नाथ श्रीदेवी के साथ गेंद लीला का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

# सीकर में सपा सांसद का पुतला फूंका

## रामजीलाल सुमन को सांसद पद से हटाने मांग, विश्व हिंदू परिषद ने किया प्रदर्शन

**सीकर. कासं।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राज्यसभा में महाराणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान का विश्व हिंदू परिषद ने विरोध किया। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने सीकर के जाट बाजार में सुमन का पुतला फूंका और नारेबाजी की। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा- सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महान योद्धा एवं भारतवर्ष की अखंडता को प्रतिबद्ध, शक्तिशाली शासक महाराणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी करते हुए उन्हें गद्दार कहा जाना न केवल हिंदू समाज बल्कि पूरे देश की जनता को लांछित एवं अपमानित करने वाला कुकृत्य है। हिंदुआ सूरज महाराणा सांगा के जीवन से जुड़े कुछ ऐतिहासिक तथ्य जो ये सिद्ध करते हैं कि महाराणा सांगा एक शूरवीर योद्धा थे।

**SHRI DURGA STONE CRUSHER**
412, Sun n Moon Chambers, Near Ajmer Puliya, Gopalbari, Jaipur-302001
**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स श्री दुर्गा स्टोन क्रशर व्यवसाय स्थल 412, सन एंड मून चैंबर्स, नियर अजमेर पुलिया, गोपालबाड़ी, जयपुर-302001 रजिस्ट्रेशन नंबर RF/JPU/2022/873 के भागीदार 1. राजेश सिंह पुत्र श्री बगरावत सिंह 2. बलबीर चौधरी पुत्र श्री कैलाश चंद जाट 14.02.2025 को स्वेच्छा से फर्म से रिटायर हो गए। सूचित रहे। यदि किसी को आपत्ति हो तो जिला उद्योग केंद्र, जयपुर में सात दिवस में आपत्ति दर्ज करावे। **फर्म: श्री दुर्गा स्टोन क्रशर (साझेदार)**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड जोबनेर**
क्रमांक : अ.अ./ खण्ड / जोबनेर / 2024-25 / 2486-98 दिनांक :- 17-03-2025
**निविदा सूचना सख्यां- 104-106 / 2024-2025**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यों हेतु नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में इस विभाग में पंजिकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के समकक्ष श्रेणी में पंजिकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 27.03.2025 तक को दोपहर 2:00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किये जा सकतें है। वेबसाईट पर तकनिकी बिड दिनांक 28.03.2025 को इस कार्यालय में 11:00 बजे खोली जायेगीं। राजस्थान सरकार, वित्त (जी एण्ड टी) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 6 (5) वित / साविलेनि / 2018 दिनांक 27.04. 2020 के अनुसार ई प्रोक्यूमेन्ट पोटल पर ई निविदाओं प्रेषण के लिए एक ही चालान से बोली दस्तावेज मुल्य (टेंडर फि) बिड सक्यूरिटी (ई एम डी) एवं आर आई एस एल फिस को ऑन लाईन ई ग्रास सिस्टम के माध्यम से जमा करवाना आवश्यक है।
निविदा शुल्क / धरोहर राशि / प्रक्रिया शुल्क एवं निविदाओं से सम्बंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in/www.dipronline.org पर देखे जा सकते है।
Office ID - 41829 जल ही जीवन है ।
1. NIT No. 104/24-25 PHE2425WSRC11652
2. NIT No. 105/24-25 PHE2425WSRC11654
3. NIT No. 106/24-25 PHE2425WSRC11658
DIPR/C/3999/2025
अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड- जोबनेर

**कब्जा सूचना**

जबकि, **जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों) को **मांग सूचना (एं)** जारी की थीं, जिनमें कर्जदारों से उक्त सूचनाओं में उनके संबंधित नामों के सामने वर्णित बकाया राशि का भुगतान उन पर, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दरों पर ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागतों, प्रभारों इत्यादि के साथ, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से **60 दिन** के भीतर करने की मांग की गई थी।

| क्र. सं. | ऋण संख्या | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता का नाम | 13(2) सूचना तिथि/तक बकाया राशि (रुपए में) | तिथि/समय एवं कब्जा का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 51409430000050 | 1) श्री धर्मपाल पुत्र मेघा राम (आवेदक), 2) श्रीमती इंद्रा पत्नी श्री धर्मपाल (सह-आवेदक), 3) श्री मेघा राम पुत्र किशना राम (सह-आवेदक) | 17.10.2024 रुपए 7,92,510/- (रुपये सात लाख बानवे हजार पांच सौ दस मात्र) 14.10.2024 तक | तिथि: 23-03-2025 समय अप. 05:28 बजे भौतिक कब्जा |
| | अनुसूची-II: सुरक्षित संपत्तियों का विवरण - बंधक अचल संपत्ति - अनुसूची संपत्ति:- समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति आवासीय संपत्ति पट्टा संख्या 70, स्थित ग्राम सिमसिया, ग्राम पंचायत सिमसिया, पंचायत समिति रतनगढ़, तहसील रतनगढ़, जिला चूरू राजस्थान। परिमाप 571.20 वर्ग मीटर। **श्री मेघाराम पुत्र किशनाराम द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध : पूरब:** जगदीश राम, **पश्चिम:** पूरा राम, **उत्तर:** उमाराम/किशनाराम, **दक्षिण:** रास्ता। | | | |

जबकि यहां ऊपर वर्णित कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता उक्त बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा यहां ऊपर वर्णित कर्जदार को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि **जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां ऊपर वर्णित संपत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों का **कब्जा** उपरिवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से उपरिवर्णित संपत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार **जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** प्रभाराधीन होगा।

स्थान: राजस्थान
तिथि: 26-03-2025
हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड

**जना स्मॉल फाइनैंस बैंक** (एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)
पंजीकृत कार्यालय: दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू-560071. शाखा कार्यालय: 101, 102, प्रथम मंजिल, गुमान टॉवर, वैशाली नगर, नैशनल हैंडलूम के पास, जयपुर, राजस्थान-302021

# माली सैनी समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भाटी ने की सरोवर पूजा

**पुष्कर. कंचन केसरी**

अखिल भारतीय माली सैनी समाज पुष्कर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यनारायण भाटी सैकड़ों समाज बंधुओं के साथ पुष्कर सरोवर की पूजा एवं दुग्धाभिषेक कर माली सैनी संस्थान के सानिध्य में समाज का विकास और उत्थान के लिए संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्कर नारायण भाटी और घनश्याम भाटी के नेतृत्व में पुष्कर माली मंदिर से गाजे बाजे के साथ विजय जुलूस निकालकर ब्रह्म घाट पहुंचकर पवित्र पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना की। इस दौरान पुष्कर नगर परिषद के पूर्व सभापति कमल पाठक, मंडल अध्यक्ष भुवनेश पाठक, पुष्कर बार एसोसिएशन अध्यक्ष कुलदीप पाराशर, अजय सैनी, ताराचंद गहलोत पूर्व पार्षद धर्मेंद्र नागौरा, धीरज जादम, रोहन बाकोलिया सहित विभिन्न समाज बंधुओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष भाटी का माला पहनकर स्वागत किया, नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यनारायण भाटी को पूजा अर्चना तीर्थ पुरोहित घनश्याम पाराशर, पंडित कमल नयन दाधिच व सांवर गौतम ने करवाई।



**जना स्मॉल फाइनैंस बैंक** (एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)
पंजीकृत कार्यालय: दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू-560071 शाखा कार्यालय: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

**ई-नीलामी सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रवर्तन अधिनियम (सरफासी ऐक्ट), 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के परंतुक के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी ने **जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदारों को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित खाते में बंधक सम्पत्ति की ''**जैसी है जहां है आधार**'' तथा ''**जो है जैसी है आधार**'' पर ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) यहां नीचे निर्धारित तिथि को की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | मूल कर्जदार/सह- कर्जदार /गारंटर का नाम | 13-2 सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि | वर्तमान बकाया राशि 24-03-2025 तक | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | सुरक्षित मूल्य भारतीय रूपए में | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) भारतीय रूपए में | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | बोली प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि, समय और स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 46789430000030 | 1) श्री रामचन्द्र गढ़वाल, पुत्र प्रभुराम (आवेदक), 2) श्रीमती इंदिरा देवी, पत्नी श्री रामचन्द्र गढ़वाल (सह-आवेदक) | 12-06-2024 | 27-09-2024 | रुपए 31,86,007.90/- (रुपए इकत्तीस लाख छियासी हजार सात व नबे पैसे मात्र) | 17.04.2025 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 05:00 बजे तक | रुपए 20,18,250/- (रुपए बीस लाख अठारह हजार दो सौ पचास मात्र) | रुपए 2,01,825/- (रुपए दो लाख एक हजार आठ सौ पच्चीस मात्र) | 02.05.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 29-04-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण: समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति पट्टा संख्या 35, मिसल संख्या 08/35 ग्राम पंचायत मीठड़ी, पंचायत समिति नावा शहर, जिला नागौर, राजस्थान। परिमाप 84.44 वर्ग गज। श्री रामचन्द्र गढ़वाल पुत्र प्रभुराम द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब: आम रास्ता, पश्चिम: गंगा माता का मंदिर, उत्तर: रैगर कॉलोनी, दक्षिण: हनुमान राम जाट का प्लॉट। | | | | | | | | | |

सम्पत्तियां ''**जैसी है जहां है आधार**'' तथा ''**जो है जैसी है आधार**'' पर ई-नीलामी 'ऑनलाइन' संचालित की जाएगी। नीलामी का संचालन बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** द्वारा वेबपोर्टल **https://bankauctions.in & www.foreclosureindia.com** पर किया जाएगा। अधिक जानकारी, सहायता, ई-नीलामी प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण, के लिए संभावित बोलीदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** से सम्पर्क कर सकते हैं; **सम्पर्क श्री उत्कर्ष अदेश, सम्पर्क नंबर:** 9515160064 ई-मेल आईडी: **info@bankauctions.in / adesh@bankauctions.in**
ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नियमों एवं शर्तों के अतिरिक्त विवरण के लिए तथा सम्पत्ति के संबंध में पूछताछ के लिए कृपया **जना स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें श्री अनुराग शुक्ला** (मो. 8090655550), **श्री रंजन नाइक** (मो. 6362951653), प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीदाता को अपनी बोली देने से पहले सम्पत्ति पर ऋणभारों तथा स्वामित्व के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच स्वयं कर लेनी चाहिए। सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना उपरोक्त नामक कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को बंधक सम्पत्तियों हेतु अनुसूचित ई-नीलामी के बारे में नोटिस भी है। कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों के साथ नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेच दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज एवं लागत के साथ वसूल की जाएगी।

तिथि: 26-03-2025 स्थान: राजस्थान हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड